**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**06.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

**पीएमजीएसवाई**

केन्द्र सरकार ने हिमाचल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के लिए 2 हजार 2 सौ 71 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की है। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस राशि से प्रदेश में एक हजार 5 सौ 38 किलोमीटर लम्बी 2 सौ 94 सड़कें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पी.एम.जी.एस.वाई–1 की सड़कों की मुरम्मत पी.एम.जी.एस.वाई–4 के साथ किए जाने की विशेष रूप से केन्द्र ने स्वीकृति दी है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों टारिंग का काम जोरों पर है लेकिन इसमें कई जगह गुणवत्ता को लेकर शिकायतें आई हैं जिस पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि आपदा के कारण बंद सड़कों को खोलने का काम भी जारी है।

विक्रमादित्य सिंह ने बिजली महादेव रोपवे को लेकर कहा कि प्रदेश का विकास जरूरी है लेकिन देव परम्पराओं और स्थानीय मान्यताओं का भी सम्मान आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ट्रेजरी में कुछ दिक्कतें है लेकिन जल्द ही ठेकेदारों की बकाया राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

---

**सुरेश कश्यप**

इस बीच भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने पी.एम.जी.एस.वाई.–4 में प्रदेश के लिए 2 हजार 2 सौ 71 करोड़ रूपए की राशि मंजूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस राशि से जहां नई सड़कें बनेगी वहीं कुछ पुरानी सड़कों को भी अपग्रेड किया जाएगा। भाजपा सांसद ने दावा किया कि अगर केन्द्र सरकार से पैसा नहीं आए तो हिमाचल प्रदेश में विकास की गति थम जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश का विकास केवल केन्द्र सरकार के कारण ही आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को प्रदेश के हक गिनाने के बजाए इस वित्तीय मदद के लिए केन्द्र का आभार व्यक्त करना चाहिए।

---

**भाजपा**

सोलन जिले के बद्दी में चल रही भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आज दूसरा व अंतिम दिन है। कार्यशाला में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जा रही है और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में चल रही कार्यशाला में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम

ठाकुर और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन पदाधिकारियों को 2027 के चुनावों में सत्ता वापसी को लेकर मार्गदर्शन दे रहे हैं।

---------------------------------------------------------------------

**सम्मेलन**

वितीय धोखाधड़ी सहित दूरसंचार सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर उत्तरी क्षेत्र सम्मेलन आज सोलन जिले के क्यारीघाट में आयोजित किया जा रहा है। दूरसंचार मुख्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन में छः राज्यों के 100 से अधिक प्रतिनिधि व निजी दूरसंचार कंपनियों के अलावा सुरक्षा से जुड़े अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। इस सम्मेलन में साइबर वित्तीय धोखाधड़ी, दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग और अवैध दूरसंचार संचालन जैसी उभरती सुरक्षा चुनौतियों पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

---------------------------------------------------------------------

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज धूप खिली हुई है। प्रदेश के ऊंचे पर्वतीय इलाकों में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में पारा माइनस में दर्ज किया जा रहा है। लाहौल स्पिति का ताबो आज सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माईनस 5 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में ताजा बदलाव के बाद राज्य के मैदानी इलाकों सुंदरनगर और बिलासपुर में अभी से ही लोगों को कोहरे की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 11 नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

---------------------------------------------------------------------